पत्रांक–04 / NULM–03 / 2017 – /न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार

नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

विशेष सचिव–सह–निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम, दरभंगा।

पटना, दिनांक–

विषयः– **नगर निगम, दरभंगा स्थित शास्त्री चौक से उत्तर में प्रस्तावित वेंडिंग जोन निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति।**

प्रसंगः– आपका पत्रांक–4647 दिनांक–28.09.2018

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में कहना है कि DAY-NULM योजनान्तर्गत नगर निगम, दरभंगा में शास्त्री चौक से उत्तर में वेंडिंग जोन निर्माण के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार द्वारा तकनीकि स्वीकृति प्रदान की गयी है। तदालोक में वर्णित स्थल पर वेंडिंग जोन निर्माण के लिए प्राक्कलित राशि रू0 16,78,500.00 (सोलह लाख अठहत्तर हजार पांच सौ मात्र) के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. योजना के कार्यान्वयन हेतु प्रथम किस्त की राशि रू0 8,50,000.00 (आठ लाख पचास हजार रू0 मात्र) RTGS के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर अंतिम किस्त के रूप में अवशेष राशि नगर निगम, दरभंगा को उपलब्ध कराया जा सकेगा।
3. योजना के कार्यान्वयन हेतु सभी आवश्यक एवं वांछित औपचारिकता (Land owing agency से NOC सहित) पूर्ण करते हुए छह माह के अंदर नगर निगम, दरभंगा द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कराया जायेगा।
4. कार्य का अनुश्रवण नगर आयुक्त, नगर निगम, दरभंगा / कार्यपालक अभियंता / कनीय अभियंता, बुडको, दरभंगा परिक्षेत्र तथा PMC-NULM के प्रतिनिधि द्वारा किया जायेगा।
5. निर्माण कार्य में मानक गुणवत्ता का पालन अवश्य किया जायेगा।
6. कार्य समाप्ति के पश्चात व्यय की गयी राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एक माह के अंदर अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा।
7. वेंडिंग जोन निर्माण में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–F. N0.K-14014/1/2013-UPA दिनांक–13.12.2013 द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका का पालन आवश्य किया जायेगा।
8. योजना के प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का तकनीकि एवं प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त है।

अनुलग्नक–प्राक्कलन की संशोधित मूल प्रति।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
विशेष सचिव–सह–निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–04 / NULM–03 / 2017 – 2119 /न0वि0एवंआ0वि0, दिनांक– 05.8.19

प्रतिलिपि :–महालेखाकर (ले0 एवं ह0), बिहार / जिला पदाधिकारी, दरभंगा / अपर सचिव–सह–उप निदेशक / माननीय मंत्री के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / लेखापाल, बुडा / टीम लीडर, PMC-NULM, नगर विकास एवं आवास विभाग / कार्यपालक अभियंता / कनीय अभियंता, बुडको, दरभंगा परिक्षेत्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2.8.19

विशेष सचिव–सह–निदेशक।

E:\NeS2 NoFtNa\Section-4\Lalan Jee\JSD.doc